आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 13.10.2025
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून में 36वीं युवा संसद प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। कहा– इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में संवाद कौशल, नेतृत्व क्षमता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देती हैं।
- राज्य सरकार की स्टेट मिलेट मिशन योजना से प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में पारम्परिक फसलों को मिलेगा बल।
- मौसम अनुकूल होते ही बदरीनाथ मास्टर प्लान के निर्माण कार्यों में आई तेजी।
- **और,** लिलियम की खेती प्रदेश के युवाओं के लिए स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता का साधन बन रही है।

**युवा संसद**

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आज देहरादून के केंद्रीय विद्यालय संगठन क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित 36वीं युवा संसद प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने प्रतिभागी छात्र–छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि युवा संसद जैसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में संवाद कौशल, नेतृत्व क्षमता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने कहा कि भारत का भविष्य हमारे युवाओं के हाथों में है और ऐसे आयोजन उन्हें देश के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक परिदृश्य को समझने का अवसर प्रदान करते हैं।

तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 45 केंद्रीय विद्यालयों में से चुनी गई आठ सर्वश्रेष्ठ टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन आज छात्र–छात्राओं ने विभिन्न स्थानीय, राज्य स्तरीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर प्रभावशाली चर्चा की और संसद सत्र की तर्ज पर अपनी अभिव्यक्ति प्रस्तुत की।

**मंडुवा समर्थन मूल्य**

राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई स्टेट मिलेट मिशन योजना के तहत प्रदेश में पारंपरिक फसल मंडुवा के प्रोत्साहन और किसानों को उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य पर्वतीय क्षेत्रों के किसानों और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और मोटे अनाजो की खेती को बढ़ावा देना है। इस वर्ष के लिए सरकार द्वारा मंडुवा का न्यूनतम समर्थन मूल्य 48 रुपए 86 पैसे प्रति किलोग्राम निर्धारित किया गया है। रुद्रप्रयाग जिले के मुख्य कृषि अधिकारी लोकेन्द्र बिष्ट ने बताया कि इस वर्ष सरकार द्वारा जारी समर्थन मूल्य उत्साहजनक है। उन्होंने कहा कि इस बार जिले में तीन हजार क्विंटल मंडुवा का संग्रहण किये जाने का लक्ष्य रखा गया है।

रुद्रप्रयाग जिले के किसानों का कहना है कि सरकार द्वारा हर साल मंडुवे का समर्थन मूल्य बढाये जाने से किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

**दीपावली मेला**

उत्तरकाशी जिला मुख्यालय के रामलीला मैदान में आयोजित सात दिवसीय दीपावली मेले में भारी जनसमूह उमड़ रहा है। विश्वनाथ पूर्व सैनिक कल्याण की ओर से आयोजित सैनिक मेले में पुजार गांव, धनारी के कलाकारों ने वीर अभिमन्यु नाटक व चक्रव्यूह मंजन, पांडव गाथा का दिव्य और भव्य प्रदर्शन कर महाभारत काल का युद्ध का संजीव वर्णन को जीवंत कर दिया। मेले में भटवाड़ी ब्लॉक की 18 वीर विरांगनाओं को सम्मानित किया गया।

**बदरीनाथ मास्टर प्लान**

बदरीनाथ धाम में मौसम अनुकूल होते ही प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक– बदरीनाथ मास्टर प्लान के निर्माण कार्यों में तेजी आ गई है। गौरतलब है कि केदारनाथ की तर्ज पर बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय से लेकर चमोली जिला प्रशासन के अधिकारी, लगातार निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर निगरानी कर रहे हैं। बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत ब्रह्म कपाल, रिवर फ्रंट, आस्था पथ, झील निर्माण, अराइवल प्लाजा, पंडा पुरोहित आवास और चिकित्सालय भवन सहित कई निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। इनमें से अधिकांश कार्य पूरे हो चुके हैं। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि बरसात रुकने के बाद मास्टर प्लान के तहत कराए जा रहे निर्माण कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अधिकांश कार्य पूरे हो चुके हैं। झीलों का निर्माण कार्य भी पूरा हो चुका है। जिलाधिकारी ने बताया कि अराइवल प्लाजा का निर्माण कार्य अंतिम चरण में हैं। उन्होंने कहा कि कुछ निर्माण कार्य, जनता से विचार–विमर्श करने के बाद करवाए जाएंगे।

**लिलियम खेती चम्पावत**

लिलियम की खेती अब उत्तराखंड के युवाओं के लिए स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता का साधन बन रही है। चम्पावत जिले में लगभग साढ़े पाँच हेक्टेयर क्षेत्रफल में इन दिनों लिलियम की खेती की जा रही है, जिससे किसान लाखों रुपये की वार्षिक आय अर्जित कर रहे हैं। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती ने बताया कि आदर्श चम्पावत की अवधारणा के तहत युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए एक अभिनव प्रयास किया गया है। इसके तहत उद्यान, कृषि और ग्राम विकास विभाग के सहयोग से किसानों और युवाओं को लिलियम की खेती के लिए प्रोत्साहित कर गाँव की बंजर पड़ी जमीन पर लिलियम की खेती शुरू की गई। उन्होंने बताया कि लिलियम की एक स्टिक, दिल्ली मंडी में 110 रुपए बिक रही है, जिससे किसान को लाखों रुपये की वार्षिक आय हो रही है। जिले के चम्पावत, लोहाघाट, खेतीखान, पाटी, देवीघुरा आदि स्थानों पर किसान, लिलियम की ओरिएंटल प्रजाति की खेती कर वर्ष में दो बार अच्छा मुनाफा कमा रहे है।

**पोशण अभियान**

पौड़ी गढ़वाल में कोट विकासखंड के खोलाचौरी क्षेत्र में बाल विकास परियोजना के तहत आठवें राष्ट्रीय पोषण अभियान के अवसर पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिशु औरनन्हें बच्चों के आहार के संबंध में गर्भवती धात्री महिलाओं की काउंसलिंग की गई। इस अवसर पर स्थानीय मोटे अनाज, दाल, फल और सब्जी द्वारा रंगोली बनाकर तथा स्थानीय अनाज से पकवान बनाकर उनकी प्रदर्शनी द्वारा गर्भवती धात्री माताओं, अभिभावकों को शिशु व छोटे बच्चों के स्वास्थ्य विकास और जीवन रक्षा के लिए पोषण संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में स्तनपान को बढ़ावा और उचित पोषण आहार के लिए प्रेरित करने के साथ ही जानकारी दी गई। इस दौरान धात्री व गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित भी दी गई। अभिभावकों को बच्चों को संतुलित और पौष्टिक आहार देने के लिए प्रेरित किया गया।